तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 19 दिसंबर 2023





## खबर संक्षेप

### कबड्डी टीम का चयन 23 को

**मुडाग़ांव(कोरासी)।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय 23वीं जूनियर कबड्डी चैंम्पियनशीप प्रतियोगिता हेतु गरियाबंन्द जिला कबड्डी संघ द्वारा जूनियर कबड्डी टीम का चयन 23 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे स्थान ग्राम बोड़राबांधा विकासखण्ड छुरा के प्राथमिक शाला मैदान परिसर में रखा गया है। जिसमें खिलाड़ी की उम्र 01 जनवरी 2004 या उसके बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी जिसकी वजन पुरुष वर्ग में 70 व महिला वर्ग में 65 किलो ग्राम से कम हो तो भाग ले सकते हैं। खिलाड़ी अपने साथ पासपोर्ट साईज की दो फोटो आधार कार्ड 8वीं 10वीं की अंकसूची की मूलकापी व छायाप्रति के साथ अपनी उपस्थिति देगें।

### 9 लीटर महुआ शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**फिंगेश्वर।** ग्राम बोरसी में 9 लीटर महुआ शराब के साथ युवक को पुलिस ने पकड़ा है। युवक के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है। अवैध शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियो के विरूध्द भी लगातार कार्यवाही करते हुए दिनांक 16 दिसंबर को देहात पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर से सूचना मिला की ग्राम बोरसी का हरिशंकर उर्फ हरि यादव अपने घर के बाड़ी में भारी मात्र में अवैध रूप से देशी महुआ शराब रखकर बिक्री करने हेतु छुपाकर रखा है। सूचना तस्दीक पर थाना फिंगेश्वर स्टाफ ग्राम बोरसी हरिशंकर उर्फ हरी यादव के घर के पास पहुंचकर रेड कार्यवाही करने पर एक सफेद रंग के प्लास्टिक जरकीन में 09 लीटर देशी महुआ शराब कीमती 1,800 रूपये को आरोपी के कब्जे से जप्त कर धारा 34(2) आककारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी फिंगेश्वर उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार विजयवार सउनि प्रहलाद ठाकुर, प्रधान आरक्षक दिलीप सिन्हा, अनिल यादव, आरक्षक गोविन्दा दीवान, मोहित,चुरेन्द्र, सैनिक यशवंत पटेल का योगदान रहा।

# बैंडबाजा और ढोल-नगाड़े के साथ निकली प्रभु श्री राम जी की बारात

**शहरवासी के साथ बाराती बनकर पहुंचे, पूर्व कृषि मंत्री ने किया समधी भेंट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

रविवार को प्रभु श्री राम का बराती बनने का मौका पाकर शहर वासी फूले नहीं समा रहे थे। शाम ढलते ही पूरा शहर रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। हजारों की संख्या में लोग सजने सँवरने के बाद भगवान राम की बरात में शामिल हुए। राम जी की बारता में हज़ारों रामभक्त शामिल हुए। राम जी की बरात की शुरुआत सिविल लाइन रामजनकी मंदिर से हुई। रामजनकी मंदिर पर सभी स्वरूपों की आरती की गई। भगवान श्री राम और लक्ष्मण के स्वरूपों की आरती रामभक्तों ने की जिसके बाद राम जी की बारात की शुरुआत हुई। राम बरात की शुरुआत होते ही चारों ओर भगवान श्री राम के जयकारे गूंजने लगे और श्री राम सिया ब्याहने को निकल पड़े गीतों से पूरा शहर गुंजामयन होने लगा। भगवान राम की बारात में शामिल हुए शहरवासी भी जमकर झूमते नाचते हुए दिखाई दिए। वहीं राम जी की भव्य बारात में नगरवासियों के साथ आज पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू भी शामिल हुए। वहीं रामभक्त पारस देवांगन ने बतलाया रामबारात का आयोजन अवध पूरी में वर्षों से होता हुआ आ रहा है और यह परंपरा अभी तक कई बड़े शहर में निभाई जा रही है। आज मार्ग शीर्ष शुक्ल पंचमी तिथि को सनातन काल से चली आ रही परंपरा को मानते हुवे हम सबके अराध्य प्रभु श्री राम चंद्र जी का ▶▶ शेष पेज 10 पर



### राम और सीता के विवाह के रंग में रमा पूरा शहर

रामबारात निकलने से पहले जनकपुरी बने मानस चौक में खुशियों का माहौल देखने को मिला। पूरे दिन शादी की रस्में चलती रही। शाम को सीता जी का डोला निकला और सीता मैया ने सखियों के संग गोरा पूजन भी किया उनके दर्शन के लिए लोगों का तांता लग गया। माता जानकी का डोला सबसे आगे था, उसके बाद पीछे रथ पर राजा जनक और रानी सुनायाना सवार ▶▶ शेष पेज 10 पर



3 दिनों के भीतर तेन्दुआ, भालू, जंगली सूअर व मोर सहित सैकड़ों वन्य प्राणियों की तस्वीर हुई कैद

# जंगल में वन्य प्राणियों की गतिविधियों पर नजर रखने लगाए गए 2 सौ ट्रैप कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व एक ओर जहां राजकीय पशु वनभैसा के नाम से जाना जाता है। वहीं उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र में अन्य वन्य प्राणी भारी संख्या में पाये जाते है, वन्य प्राणियों के गतिविधियों पर नजर रखने के लिए इन दिनों वन विभाग द्वारा जंगल में ट्रैप कैमरा लगाये जा रहे है, पिछले तीन दिनों के भीतर तेन्दुआ भालू, जंगली सुअर, लकडबघ्घा, मोर, हिरण, खरगोश जैसे वन्य प्राणियों के सैकड़ों तस्वीर इन कैमरों में कैद हुआ है। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र के जंगलों में वन्य प्राणियों के गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वन विभाग द्वारा फिर एक बार ट्रैप कैमरा लगाया जा रहा है, उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के कोर और बफर जोन ऐरिया में कैमरा लगाये जाने के पीछे वन विभाग का उददेश्य रहता है कि वन्य प्राणियों के जहां एक ओर फोटो के माध्यम से उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। वहीं इससे यह भी पता चलता है कि जंगल के भीतर कितने प्रकार के वन्य प्राणी है। पिछले कई वर्षों से यहां के जंगलो में ट्रैकिंग कैमरा लगाये जा रहे है। जिसमें कई दुर्लभ वन्य प्राणियों के तस्वीर भी कैद हुए है, आधुनिकता तकनीकी से लैश इस कैमरे में कई खासियत है, इसे पेड़ व टहनियों में छिपाकर लगाया जाता है, जिससे आसानी से वन्य प्राणियो की तस्वीर इसमें कैद होती है।








### पूर्व में कई कैमरों की हो चुकी चोरी

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र के अंतर्गत कुल्हाडीघाट वन परिक्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में कई ट्रैप कैमरों की चोरी होने की शिकायत मैनपुर थाना दर्ज की गई थी। कुछ वर्ष पहले जिसमें कुल्हाडीघाट वन परिक्षेत्र की ओंढ, कुकराल, डडईपानी के कक्ष क्रमांक 884 में एक, 877 में एक और 902 में दो ट्रैप कैमरें वन्य प्राणियों की निगरानी के लिए लगाए गए थे जो चोरी हो गई, तो वही रिसगांव और खल्लारी के जंगल में 22 ट्रैप कैमरा चीप समेत चोरी होने की जानकारी दर्ज पूर्व में कराई जा चुकी है, रिसंगाव सांकरा क्षेत्र वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बोराई थाना में आठ और खल्लारी थाना में 14 ट्रैप कैमरा चोरी होने की रिपोंट दर्ज कराई है।







### 250 कैमरे जंगल में लगाये जायेंगे

इस सबंध में उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि टाईगर रिजर्व के जंगल क्षेत्र में हर वर्ष ट्रैप कैमरा लगाये जाते है, और बारिश में इसे निकाल दिया जाता है, अब फिर ट्रैप कैमरा लगाया जा रहा है। 200 कैमरा लगाया जा चुका है, उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में कुल 250 कैमरा लगाये जायेंगे और कैमरा लगाने के लिए पिछले दिनों विभाग के स्थानीय अधिकारी कर्मचारियो को प्रशिक्षण भी दिया गया है। कैमरा में कई वन्य प्राणियों की तस्वीर कैद हुए है, कैमरा लगाये जाने से तस्करों की भी तस्वीर इसमें कैद होती है।

# ट्रैक्टर के जेक और पिन की चोरी युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

ट्रैक्टर से जेक चोरी करने वाले चोर को फिंगेश्वर पुलिस ने पकड़ा। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार में थाना फिंगेश्वर में 17 दिसंबर को प्रार्थी ओमप्रकाश सिन्हा पिता चंद्रहास सिन्हा उम्र 30 वर्ष साकिन कुण्डेल थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद थाना मे उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16 दिसंबर के रात्रि फिंगेश्वर रिंग रोड के पास अपने दुकान के सामने जेक लगाकर खड़े किये सोनालिका ट्रेक्टर का जेक व 02 नग भवानी पिन को निकालकर उसके जगह ट्रेक्टर के पीछे चक्का मे पत्थर को टिका कर जेक व 02 नग भवानी पिन जुमला किमती 1500 रूपये को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना फिंगेश्वर में अपराध क्रमांक 415/23 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।विवेचनाक्रम में माल मुल्जीम पता साजी दौरान संदेही हरिश माण्डले को थाना तलब कर पूछताछ करने पर सोनालिका ट्रेक्टर का जेक व 02 नग भवानी पिन को चोरी करना स्वीकार करने पर आरोपी हरिश माण्डले उम्र 24 वर्ष साकिन वार्ड नंबर 12 फिंगेश्वर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड मे लिया गया।

# हम सबको शहीद वीर नारायण के जीवनी को आत्मसात करना चाहिए



नवापारा-राजिम। ग्राम आलेखूटा में आदिवासी ध्रुव समाज द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह जयंती एवं डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें धनेंद्र साहू पूर्व मंत्री शामिल हुए। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि आदिवासी समाज बहुत ही सीधा सरल समाज है हम सबको भी शहीद वीर नारायण सिंह जी के जीवनी को आत्मसात करना चाहिए। ताकि हम सब के जीवन भी संवर सके। समिति को इस आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और समस्त ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। कहा कि इस चुनाव में भी आप लोगो ने मुझे इस गांव से अपार प्रेम दिए हो। कार्यक्रम में चंद्रहास साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, चंद्रकला ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, गिरधारी साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण, गोपेश ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष, जिनेश्वरीध्रुव जनपद सदस्य, बुधेश्वर ध्रुव, साधुराम ध्रुव, बंटी ध्रुव, सोनजीत ध्रुव, अलख सिन्हा, चंद्रनारायण ध्रुव, लोमेश ध्रुव, देवेंद्र ध्रुव, बाल्मिकी ध्रुव, दीपक ध्रुव, अनिल ध्रुव सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# एसपी ने नक्सल पीड़ित परिवार से मुलाकात कर साड़ी कंबल भेंटकर आर्थिक मदद दिलाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

- पुलिस कप्तान कांबले मैनपुर क्षेत्र के शोभा थानातंर्गत नवापारा पहुंचे

विकासखंड के थाना शोभा अंतर्गत ग्राम नवापारा गोना की प्रमीला विगत कई वर्षों से प्रतिबंधित माओवादी संगठन से जुड़कर धमतरी, गरियाबंद जिले सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय है। उनके परिवार वालों से गरियाबंद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गरियाबंद अमित तुकाराम कांबले , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरियाबंद अशोक वाडेगांवकर, एसडीओपी पुलिस मैनपुर बाजीलाल ने मुलाकात कर हालचाल जाना। साथ ही साथ कंबल, शाल, साड़ी, मिठाइयां भेंट किया एवं आर्थिक रूप से मदद पहुंचने का आश्वासन दिए। मुलाकात के दौरान उनके परिवार वालों ने एसपी से प्रमीला को वापस लाने के लिए गुहार लगाई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रमीला को जो समाज की मुख्यधारा से भटक चुके हैं उसे आत्मसर्मण एवं शासन की पुर्नवास नीति के तहत समाज की मुख्यधारा से जोड़ने एवं सभ्य नागरिक की तरह शहरी जीवन में वापस लाने के लिए पुलिस प्रशासन हमेशा प्रयासरत रहने आश्वासन दिया गया।



### युवाओं को आत्मसमर्पण नीति के तहत वापस लाने बनेगी योजना

एसपी ने कहा कि गरियाबंद पुलिस द्वारा युवक-युवतियां जो नक्सलियों के डराने-धमकाने, बहकावे में आकर समाज से दूर जंगलों में भटक रहे हैं या मजबूरी में जीवन जी रहे हैं उनको शासन की लाभकारी योजनाओं एवं आत्मसमर्पण नीति के तहत वापस लाने निकट भविष्य में क्रमबद्ध योजना बनाई जाएगी। युवाओं को वापस लाकर मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा।

# ई–केवाइसी करवाने लोगों की रही भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

भाजपा की सरकार बनने पर महिलाओं को 500 रूपए में सिलेण्डर उपलब्ध कराने का वादा किया गया था, इसका असर अब गैस एजेंसियों के कार्यालयों में दिख को मिल रही है। कोई ई–केवाईसी कराने तो कोई पुराने गैस कनेक्शन में पुरूष उपभोक्ता का नाम बदलकर महिला के नाम पर करवाने पहुंच रहे हैं। रोजाना इतनी भीड़ लग रही कि एजेंसी संचालकों को अलग से गांव -गांव स्टाल लगाकर कार्य करना पड़ रहा है। खास बात कि पेट्रोलियम मंत्रलय के आदेश पर ई–केवाईसी 30 जनवरी तक स्थगित कर दिया गया है, इसके बावजूद लोग ई–केवाईसी कराने के लिए अपना दस्तावेज लेकर एजेंसी कार्यालयों में दस्तक दे रहे हैं, विदित हो कि चुनाव प्रचार के दौरान तीन नवम्बर को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रायपुर में भाजपा का घोषणा पत्र जारी किया था, जिसमें वादा किया गया कि भाजपा की सरकार बनने पर प्रत्येक महिलाओं को घरेलू गैस सिलेण्डर 500 रूपए में प्रदान किया जाएगा।

चूंकि प्रदेश में भाजपा की सरकार बन गई इसलिए लोगों में आस है कि जल्द ही महिलाओं को 500 में सिलेण्डर मिलने लगेगा, लोग अभी से योजना लागू होने पर उसका फायदा उठाने की तैयारी में जुट गये हैं, इसके लिए जिन घरों में गैस कनेक्शन पुरूष उपभोक्ताओं के नाम पर उसे बदलवाकर महिलाओं के नाम पर कराने की होड़ मच गई है।

घासीदास जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

# गुरु घासीदास ने समाज के लोगों को सात्विक जीवन ज़ीने की दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

ग्राम रसेला के पारा बेलडीही में जात पात से ऊपर उठकर प्रेम और सद्भावना का संदेश देने वाले संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 267 वीं जयंती समारोह को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक जनक राम ध्रुव, अध्यक्षता सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य हेमलता ध्रुव, विशिष्ट अतिथि ग्राम पटेल लोकराम यादव, डी आर यादव, डॉ. चिराग़ अली, कमलेश्वर नायक, बालमुकुंद मिश्रा, देवलाल बारिक, अमित मिरी आदि मंच पर उपस्थित थे। विन्द्रानवागढ के नवनिर्वाचित विधायक जनक राम ध्रुव अपने निर्वाचन के पश्चात पहली बार बेलडीही पहुंचने पर पारावासियो ने फूल-मालाएं और पटाखों से जबरदस्त स्वागत किया गया।

इस मौके पर अतिथियों द्वारा बाबा के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर जैतखाम में पालो चढ़ाया। मंच पर मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक जनक राम ध्रुव ने कहा कि बाबा ने अपना जीवन समाज के उद्धार के कार्य के लिए लगा दिया। तब कहीं जाकर सतनाम पंथ की स्थापना हुई है। उनके त्याग को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने सभी मनुष्य को एक धागे में पिरोने का काम किया। इस लिए बाबा मनखे मनखे एक समान सभी मानव को रूप में देखते थे।





### जरूरत के समय सदैव खड़ा रहुंगा : ध्रुव

ध्रुव ने कहा कि विन्द्रानवागढ के ऊपर भाजपा के गढ़ होने का जो दाग लगा था वह मिट गया है और यह काम सभी कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं आम जनों के सहयोग से पूर्ण हुआ है। मैं हर समय आप लोगों के बीच में उपलब्ध रहूंगा। कहीं कोई समस्या नहीं होगी आप लोगों को जब भी जरूरत लगेगा में सदैव आपके लिए हाजिर रहूंगा। कमलेश्वर नायक ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के जीवन के बारे में विस्तार पूर्वक बताऐ। चिराग़ अली ने कहा कि जीवन को सत्य मार्ग में लगाएं जिससे मानव जीवन थन्य हो सकें। सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में व्याप्त पशु बलि तथा अन्य कुप्रथाओं का ये बचपन से ही विरोध करते रहे। समाज को नई दिशा प्रदान करने में इन्होंने अतुलनीय योगदान दिया था। सत्य से साक्षात्कार करना ही गुरु घासीदास के जीवन का परम लक्ष्य था। पारावासियो ने समुदायिक भवन जर्जर होने से मरम्मत के लिए विधायक से 5 लाख की मांग भी की साथ-साथ पंथी नृत्य वाले ने अपने साज-सज्जा के लिए भी मांग की है। जिसमें विधायक ने फंड जारी होने पर स्वीकृत करने की बात कही गई है। इसी कड़ी में ग्राम हिराबतर में भी आम जनों मिलकर आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर राधेश्याम,जगत राम, भानुप्रताप, शंकर लाल, हरिचंद, देवकुमार, ईश्वर, सहित पारावासियो क्षेत्र समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे मंच का संचालन भोजराम नायक ने की।

**पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### धमतरी को पहली पारी में 86 रन पर समेटा

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट प्लेट ग्रुप तीन दिवसीय मैच के प्रथम मुकाबले में धमतरी विरुद्ध महासमुंद का मैच दल्लीराजहरा में खेला गया, जिसमें धमतरी की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। धमतरी की शुरुआत बेहद खराब रही और पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 86 रनों पर ढेर हो गई। जिसमें महासमुंद की टीम के सुधांशु वर्मा ने शानदार गेंदबाजी की, उन्होंने 5 विकेट अर्जित किए। साथ ही प्रशांत के दो, हामिद के एक, नमन के एक विकेट शामिल थे। इसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी महासमुंद की टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 206/03 रन बना लिए, जिससे महासमुंद की टीम को 120 रनों की बढ़त हासिल कर ली। जिसमें कृतेश साहू 19, शोभित शर्मा 34, तृपेश साहू 64 ने रनों का योगदान दिया अभी बल्लेबाजी में तुषार चंद्राकर 75 और अनुराग साहू 13 रन बनाकर डटे हुए हैं।

### महिला की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत, एक घायल

**महासमुंद।** रविवार को रायपुर रोड पर मॉर्निंग वॉक पर निकली दो महिलाओं को ट्रक ने टक्कर मार दी, घटना में एक महिला की मौत हो गई, वहीं दूसरी घायल है। पुलिस के अनुसार रविवार की सुबह करीब 5 बजे किरण चंद्राकर और राधिका यादव मार्निंग वॉक पर निकली थीं। इस दौरान अज्ञात वाहन ने दोनों महिलाओं को अपनी चपेट में ले लिया। राधिका यादव ने घटना की सूचना फोन पर अपने पति को दी। दोनों को 108 वाहन की मदद से अस्पताल में दाखिल कराया गया। घटना में किरण चंद्राकर पति आकाश चंद्राकर (21) निवासी पुराना रावण भाठा की मौत हो गई। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

## पेज 9 के शेष

### बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़े...

माता जानकी जी के साथ विवाह समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

**शिव मंदिर व हनुमान मंदिर को फूलों से सजाया :** विगत पांच दिवस से नगर के राम भक्तो के द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पूरी तैयारी में जुटे रहे नगर के सिविल लाईन स्थित श्री राम मंदिर, शिव मंदिर व हनुमान मंदिर को फूलो से सजाया गया। वहीं दूसरी ओर नगर के पुरानी बस्ती कुम्हार पारा के लोगों ने बड़ी बैठक कर अपने वार्ड में स्थित राधे कृष्ण मंदिर को जनकपुर के रूप में मां जानकी जी का निवास बनाया। कार्यक्रम के तय अनुसार बारात पूरे धूमधाम से शाम पांच बजे सैकड़ों राम भक्तों के साथ जनक पर के लिए नगर के मुख्य मार्ग होते हुए जनकपुर पहुंची। जहां पूरे जनकपुर वासी बारात स्वागत कर मां जानकी ने श्री राम जी के गले में जय माला डाल कर विवाह परंपरा का निर्वहन किया। बाक़ायदा समंधी भेट भी हुआ। जिसमें पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने परंपरा के अनुसार समंधी भेट किया ही चौथिया का भी रस्म पूरा कर पूरे विधिविधान से बिदाई की गई। जिसकी चर्चा पूरे नगर में हो रही है। इस आयोजन में शामिल होकर हर शहरवासी अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है। भगवान श्री राम सभी के आराध्य हैं और आज उनके राम बरात में शामिल होकर सभी लोग उत्साहित नजर आ रहे हैं।

### राम और सीता के विवाह ...

थे। इस समय पूरा शहर भगवान राम और सीता मैया के विवाह के रंग में रमा हुआ है। कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू, परस देवांगन, मनोज खरे, रीखी यादव, रितिक सिन्हा, विनय दासवानी, प्रकास रोहरा, तामेश्वर सोनी, आज्जू रोहरा, पुष्पक देवांगन, प्रकास निर्मलकर, योगेन्द्र कनोजे, मनोज गुप्ता, गज्जू कंसारी, दिलीप यादव, राजीव साखरे, भानु राजपूत, हितेंद्र सिन्हा, गैन्दलाल सिन्हा, मुरली सिन्हा, रमेश चक्रधारी, अनिल चक्रधारी, ओंकार चक्रधारी, नवीन सिन्हा, मुकेश सोनी, उत्तम सोनी, गोपाल सिन्हा, एश्वर्य यदु, आशु कंसारी, पुष्पा ठाकुर, रिंकी पवार, सोनाउ राम यादवपू, शारदा यादव, रीता यादव मौजूद रहे।

राजिम विधायक रोहित साहू ने हितग्राहियों को किया सामाग्री वितरीत

# जिले में संकल्प यात्रा जारी, ग्राम बोरिद, सरकड़ा अकलवारा व सोरिदखुर्द में किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का सफर गरियाबंद जिले में निरंतर जारी है। आज जिले के बोरिद, सरकड़ा, अकलवारा और सोरिद खुर्द में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बोरिद और सरकडा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम 25 जनवरी तक चलेगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में ग्रामीण जन उपस्थित होकर अपनी अपनी मांग और समस्याओं से अवगत करा सकते है, यहां जिला और विकासखंड के अधिकारी उपस्थित रहकर आपकी मांग और समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करेंगे। साथ ही पात्र हितग्राहियों को लाभांवित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि शासन की योजना धरातल तक पहुंचे और गांव के अंतिम से अंतिम व्यक्ति शासन की योजनाओ का लाभ उठाए। विधायक श्री साहू ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण किया, और हितग्राहियो को सामग्री वितरण किया।

### स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई का किया गया वितरण

कार्यक्रम में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' प्रचार रथ के ग्राम में आगमन होने पर महिलाओं तथा ग्रामीणों द्वारा उत्साह से स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आमजनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाईयॉ भी वितरित की गई। इस अवसर पर केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।





## विकसित भारत संकल्प यात्रा में विधायक रोहित ने विभिन्न विभागीय स्टालों का किया निरीक्षण





**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा विकास खंड के अंतिम छोर से शुभारंभ विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिसमें शामिल होने के लिए राजिम विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू छुरा ब्लॉक के ग्राम सोरिदखुर्द व फिंगेश्वर ब्लॉक के सरकड़ा तथा बोरिद में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां वे सभी भाजपा पदाधिकारियों व अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में मोदी जी के गारंटी रथ पर लगे एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन लाइव सुना। उन्होंने सभी गांवों के शिविर में सभी विभागीय स्टालों का निरिक्षण कर अधिकारियों से त्वरित निराकरण करने तथा अधिकाधिक योजनाओं का लाभ दिलाने निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन लाइव सुना और विकसित भारत के संकल्प हेतु शपथ ली। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की अंत्योदय की भावना से क्रियान्वित योजनाओं की सराहना करते हुए आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री वितरण कर लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष फिंगेश्वर प्यारेलाल सोनकर, मंडल अध्यक्ष छुरा पीलूराम यादव, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, जनपद अध्यक्ष छुरा तोकेशवरी मांझी, भाजयुमो नेता राजू साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूनम यदु, सोमप्रकाश साहू, रामाधार साहू, विजय कंडरा, ओमप्रकाश साहू, मोती निषाद, गजेंद्र निषाद,श्रीराम सिन्हा, रामभरोशा साहू, ललित सिन्हा सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अधिकारी कर्मचारी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक



**मैनपुर।** लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में भाजपा मंडल द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में बैठक भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंडल के अंतर्गत 27 ग्राम पंचायत में होने वाले कार्यक्रम के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारी नियुक्त कर केंद्र सरकार की संचालित 222 योजनाओं के संबंध में चर्चा की गई। केंद्र सरकार की योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री मनोहर बघेल ने किया। बैठक में भाजपा मंडल महामंत्री मनोहर बघेल अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दैनिक राम मांडवी भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री घनश्याम मरकाम भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री तुलसी राठौर भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेश कश्यप दिनेश शर्मा किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रदीप शर्मा विजय बहादुर परिहार नैनसिंह नेताम भाजपा युवा मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनोज निर्मलकर भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री दिनेश सचदेव भाजपा युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार नेताम संतोष यादव सुजान सिंह राजपूत यमराज ओंटी हरिश्चंद्र यादव अनूप कश्यप श्रवण नेताम ,दाऊलाल ध्रुव तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गुरु घासीदास जयंती पर निकली बाइक रैली...



**नवापारा-राजिम।** बाबा गुरूघासी दास जी की जयंती के अवसर पर नवापारा शहर में बाबा की धूमधाम से पूजा-अर्चना कर समाज के युवाओं ने शहर में बाइक रैली निकाली। रैली के दौरान बाबा गुरू घासीदास जी के जयकारे लगते रहे।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा





भगवान कोपेश्वर नाथ की नगरी कोपरा में आयोजक कुंजराम धनगर के निज निवास में श्रीमद् भागवत महापुराण एवं ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के प्रवचन कर्ता विख्यात पंडित योगानंद शुक्ला एवं पारायण कर्ता पंडित उज्जवल शुक्ल कोपरा होंगे। सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया।

कलश यात्रा निज निवास से शुरू हुआ शिव मंदिर परिसर से होते हुए साहड़ा चौंक गांधी चौक, महामाया मंदिर से होते हुए वापस कथा स्थल पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीले वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई।

## बच्चों को वितरण किया गया स्वेटर



**मुडाग़ांव(कोरासी)।** चरामेति संस्था रायपुर द्वारा बच्चों को निः शुल्क स्वेटर का वितरण किया गया। जिसमें संस्था के प्रमुख प्रशांत महतो सर, श्री अतुल सर जी उपस्थित रहे संस्था द्वारा संचालित विभिन्न क्षेत्रों के कार्यक्रमों में इस वर्ष ठंडी मौसम को देखते हुए बच्चों को गर्म कपड़े स्वेटर वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम ओनवा से रमेश कुमार ठाकुर,नंद कुमार पटेल, सरोज दीवान,नरेश दीवान,छन्नू राम ध्रुव भोजराम यादव युवा साथी पोखन ठाकुर, उमाशंकर यादव, सूरज ध्रुव, नूतेश पटेल, राकेश वर्मा, यमुना नेताम और ओमप्रकाश पटेल आदि मौजूद थे।

## गंधर्व संगठन का हुआ मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



अंतरराष्ट्रीय गंधर्व संगठन जिला इकाई गरियाबंद कार्यकारणी की श्री साई मंदिर के प्रांगण में पांचों ब्लॉक के सभी संयोजक मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय गंधर्व संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवम गंधर्व वीरांगना किरण जगत के नेतृत्व में मुख्य जिलासयोजक ऋषि प्रधान के मार्ग दर्शन में मिलन समागम समारोह को सम्पन्न किया गया। जिसमें समाज संगठन को मजबूत व विशाल रूप में ले जाने की बात को लेकर अंतर्राष्ट्रीय गंधर्व संगठन के गंधर्व योद्धा जिला संयोजक, अजय बघेल के द्वारा हमें हमारे सस्कृति के बारे में बताया गया की गंधर्व एक कला है। गंधर्व एक संस्कृति। गंधर्व एक समाज है। इस मौके पर प्रमुख रूप से किरण जगत, गन्धर्व सेना मुख्य जिला संयोजक ऋषि प्रधान, गन्धर्व योद्धा जिला संयोजक अजय बघेल, जिला महासचिव भुवन नेताम, जिला मीडिया प्रभारी नकुल जगतवंशी सहित बडी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## कलश धारण करने की लगी होड़ धूमधाम से किया गया स्वागत



**नवापारा-राजिम।** राम जन्मभूमि गृह संपर्क अभियान के तहत रामलला का ननिहाल कौशिल्या धाम चंदखुरी में जिला रायपुर ग्रामीण के अभनपुर खण्ड के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मंडलो में अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत कलश का वितरण एक भव्य समारोह के दौरान पूजा संकीर्तन के साथ किया गया। इसी क्रम में हसदा मण्डल पिपरौद को भी पूजित अक्षत कलश प्राप्त हुआ। पिपरौद के राम जानकी मंदिर चौक पहुंचने पर स्वागत करने एवं कलश धारण करने की होड़ लग गई। रामायण मण्डली के साथ पुष्प वर्षा करते हुए विभिन्न चौक गली मोहल्ले में स्वागत किया गया। कई स्थानों पर आतिशबाजी की गई। यहां राम जानकी मंदिर में दीप प्रज्वलित कर मंत्रोचार के साथ पवित्र कलश को स्थापित किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति का अदभुत योगदान रहा। श्रीराम जी की आरती की गई। कार्यक्रम में कमलनारायण साहू ,जागरण प्रमुख अवध साहू, सोनउ साहू, रोशन साहू, सूरज तारक, डमरू तारक, हेमलता साहू, द्विज साहू, राहुल देव, चुम्मन साहू, पवन साहू, सन्तराम, दानीराम, रोशन ध्रुव, सतीश, तिलक साहू,देवकुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल थे।




## खंड से 13 मंडलों के लिए अक्षत कलश भेजा गया

हरिभूमि न्यूज : देवभोग






श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से देवभोग खंड पहुंचे अक्षत कलश को सोमवार को 13 मंडल में भेजा गया। इन सभी मंडलों में अक्षत कलश का भव्य स्वागत हुआ, जिसे मंदिर में स्थापित किया गया है। कार्य योजना के मुताबिक घर घर अक्षत व पत्रक बांट कर हिंदू समाज 22 जनवरी को राम लला के मंदिर प्रतिष्ठा का न्यौता देंगे।13 मंडल से पहुंचे हिंदू समाज प्रतिनिधियों को अभियान प्रभारी तस्मित पात्र,वक्ता जय विलास शर्मा,मनोज रघुवंशी व गौरी शंकर कश्यप ने संबोधित कर प्राण प्रतिष्ठा को उत्सव की तरह मनाने की अपील किया है।मंदिर बनाने के लिए हिंदू समाज के संघर्ष व पीएम नरेंद्र मोदी के दृढ़ इच्छा को विस्तार से बताया,प्रतिष्ठा के दिन सभी अपने अपने घरों में पांच दीपक जलाने के अलावा नजदीकी मंदिर में आनंद उत्सव मनाने की अपील किया।

■ बाजे - गाजे के साथ निकाली गई शोभा यात्रा

### विधि विधान से अक्षत कलश को किया गया रवाना

4 दिन पहले अक्षत कलश स्थानीय जगन्नाथ मंदिर में स्थापित किया गया था, जिसमे से 13 मंडलों के लिए अक्षत को 13 भागो में विभक्त किया गया। नए 13 कलश को पंडित भोला प्रसाद दुबे द्वारा मंत्रोचारित किया गया ।पूजन व भजन के बाद भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया।फिर सभी13 कलश की यात्रा निकाली गई।यात्रा जगन्नाथ मंदिर से लेकर हनुमान मंदिर तक पहूंची।इस दरम्यान भजन कीर्तन व आतिशबाजी भी किया गया।सभी 13 मंडल के प्रतिनिधियों विधि विधान से विदा किया गया।मंडलों में पहुंचते ही सभी जगह स्वागत के लिए लोग जुटे, कलश का स्वागत कर उसे अपने अपने गांव के मंदिरों में स्थापित किया गया।अब पूरे दिसंबर माह स्थापित स्थानों में धार्मिक आयोजन होते रहेंगे।1 जनवरी से 15 जनवरी तक मंडल के लोग घर घर अक्षत व पत्रक का वितरण पहुंचाने का कार्य करेंगे।

## आयोजन : कलश के साथ निकाली गई शोभायात्रा, जय सतनाम के नारे से गूंजा नगर में

# राजिम में धूमधाम से मनाई गई गुरु घासीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम







बाबा गुरू घासीदास की जयंती आज धूमधाम से मनाई गई। राजिम नगर सतनामी समाज के संरक्षक ओमप्रकाश आडिल ,अध्यक्ष राकेश मांड्रे, नरेंद्र आडिल, संतोष बंजारे, डिगेश आडिल, मंगलदास धृतलहरे, घनश्याम नवरंगे, सत्तु महिलांगे, रामजी मांड्रे, संतोष कुर्रे, राजू कुर्रे, सियाराम महिलांगे,नरेश बंजारे, चंदन नवरंगे, सुकालु महिलांगे सहित बड़ी संख्या में समाज के लोगो की मौजूदगी में सतनामी पारा में दोपहर ढाई बजे कलश के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा निकालने के पहले बाबा गुरू घासीदास की धूमधाम से पूजा-अर्चना की गई। ये शोभायात्रा सतनामी पारा से निकलकर गरियाबंद मार्ग,पं सुंदरलाल शर्मा चौक होते हुए बाबा गुरूघासी दास मंदिर पहुंची। यहां मंदिर में पालो चढ़ाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। पालो चढ़ाने के बाद शोभायात्रा पुनः पं सुंदरलाल शर्मा चौक होते हुए सतनामी पारा पहुंची। यहां भी दो जगह नरेश बंजारे द्वारा पालो चढ़ाया गया। शोभायात्रा का स्वागत गोवर्धन पारा में हुआ। पं सुंदरलाल शर्मा चौक में आरएसएस द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शिवाजी चौक में नगर पंचायत के सभापति ओमप्रकाश आडिल,नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर के प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर ने स्वागत कर पूजा-अर्चना की।

### चरौदा में एकता व भाईचारे का दिया संदेश



**छुईहा बेलर।** समाज के लोगों को एकता और भाईचारे का संदेश देने वाले गुरु घासीदास की जयंती ग्राम चरौदा में हर साल की भांति 18 दिसंबर को धूमधाम से मनाई गया। बाबा के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। इस वर्ष भी इस पर्व को मनाने समाज के सदस्य जुटे हुए थे। सतनाम समाज चरौदा के लोगों ने दो दिन पूर्व तैयारी शुरू कर दी थी। सोमवार को शौर्य शोभायात्रा के साथ जयंती में जोड़ा जयस्तंभ में श्वेत ध्वज चढ़ाया गया। सतनाम समाज के पदाधिकारी, सदस्य व महिलाएं इस मौके पर उपस्थित थे।

## गुरू घासीदास बाबा ने दिखाया सत्य व अहिंसा का मार्ग



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में समस्त सतनाम समाज द्वारा सोमवार को सतनाम धर्म के प्रवर्तक संत शिरोमणि गुरू घांसीदास बाबा की जयंती कुर्रे निवास में धूमधाम के साथ मनाई गई जहां नगर व क्षेत्र के समाजजनों के साथ पुरे मैनपुर नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। जहां विशेष पूजा - अर्चना के पश्चात पालो चढ़ाव के साथ मंगल आरती किया गया। इस दौरान गेवरचंद कुर्रे ने कहा बाबा गुरू घांसीदास जी ने सम्पूर्ण मानव जीवन को मनखे मनखे एक समान का संदेश की सभी मनुष्य एक है, बाबा गुरू घांसीदास जी का जीवन दर्शन और विचार मूल्य पुरी मानव जाती के लिए कल्याणकारी है। इस मौके पर प्रमुख रूप से गेंवरचंद कुर्रे, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेन्दू यादव, वरिष्ठ पत्रकार शेख हसन खान, गोविंद पटेल, उमराव साहू, पदमनी शाडिल्य, रेणुका ठाकुर, सरोज सेन, हेमलता पटेल, मेनका कांशी, लोकेश्वर कांशी, जगदीश पटेल, हीरालाल पटेल, डीके शांडिल्य, सत्येन्द्र कुर्रे, त्रिभुवन पटेल, थानुराम पटेल, जीरा साहू, सुरज कर्ष, लोकेश भोसले, श्री चेलक सहित बड़ी संख्या में मैनपुर नगर के लोग उपस्थित थे, इस दौरान जय सतनाम के नारो से नगर गुंज उठा।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर ने पुजा अर्चना कर पुरे जिले में सुख शांति समृध्दि की कामना की मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम मटिया में प्रतिशील सतनाम समाज द्वारा आज बाबा गुरू घांसीदास की जयंती बहुत ही धुमधाम के साथ इस दौरान सतनाम समाज द्वारा सफेद ध्वज लेकर शोभायात्र निकाला गया। इस जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने कहा कि गुरू कहा सत्य ही एक मार्ग जिससे समाज उन्नति और तरक्की कर सकता है, उन्होने गुरू के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जयराम बंजारे, परमेश्वर बंजारे, सोमवारू नेताम, चैतन, नारायण, बैदलसिंह, डिगर सिंह, खेमराज, गगनेश, मोहन टंडन, टिकराम, हरीराम, दिनेश बंजारे, जितेन्द्र, महेश, टंकेश एंव समस्त सतनाम समाज के लोग बडी संख्या में उपस्थित थे।

## बाबा गुरुघासी दास जयंती कार्यक्रम में पहुंचे धनेन्द्र साहू, मांगा आशीर्वाद



**नवापारा-राजिम।** बाबा गुरुघासी दास जयंती के अवसर पर सतनाम भवन में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने पूजा-अर्चना कर सभी के जीवन में खुशहाली के लिए बाबा गुरूघासी दास जी से आशीर्वाद मांगा और सभी सामाजिक बंधुओं को गुरुघासी दास बाबा की जयंती पर्व की बधाई दी।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा,नपा उपाध्यक्ष चतुर जगत, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव एल्डरमेन रामा यादव, जुगाबाई गिलहरे, टुकेश्वर गिलहरे, राजेश गिलहरे, रघुवीर रजक, राजा चावला, रामरतन निषाद, विनोद कंडरा, गोल्डी पारख सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन मौजूद थे।

## रोहिना में धूमधाम से मना बाबा गुरू घासीदास जयंती





**राजिम।** संत शिरोमणी गुरुघासी दास बाबा के 267 वीं पावन जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत रोहिना के अंतर्गत रविनगर में गुरू घासीदास बाबा चौंक में हर्षोल्लास पूर्वक जयंती मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आनंद मतावले गुरूजी, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद द्वारा बाबा जी के मंदिर में झंडा चढ़ाया गया और रंगमंच भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच होमन साहू ने की।

विशिष्ट अतिथि होरी साहू जनपद सदस्य, पूर्व उपसरपंच ग्राम रोहिना व वक्ता छ. ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी रामगुलाल साहू, सहदेव बंजारे अनुसूचित जाति कांग्रेस जिला अध्यक्ष, के साथ ही बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

## खेल से अनुशासन व आपसी भाईचारा की बढ़ती है भावना



**मैनपुर।** ग्राम पंचायत भाठीगढ़ मे लायंस क्रिकेट क्लब द्वारा 07 दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता मे लगभग 32 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मै च खुरसीपाल एवं भाठीगढ़ के बीच खेला गया। यह मैच का फी रोमांचक रहा हजारों दर्शकों से स्टेडियम भरा था और फाइनल मैच भाठीगढ टीम ने जीता। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ग्राम के वरिष्ठ नागरिक हेमसिंह नेगी, विशेष अतिथि जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, सरपंच जिलेन्द्र नेगी, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष खेदू नेगी, हरिश्चंद नेगी, जन्मजय नेताम, गयचन्द्र कोमर्रा, पूर्व सरपंच ईश्वर नागेश, बिसेसर सिक्का, भगवान धुरर्वा, राजेन्द्र साहू, राजेन्द्र नागेश, उपसरपंच श्रीमती पुष्पा नेगी, पार्वती नागेश, पुष्पा साण्डे, शिवबती ध्रुव, तुलसी नागेश एंव वरिष्ठजन उपस्थित थे। प्रथम विजेता टीम भाठीगढ को 25 हजार रूपये नगद एंव कप, द्वितीय खुरसीपाल टीम को 15 हजार रूपये नगद एंव कप के साथ कई अन्य पुरस्कार वितरण किया गया। इस दौरान पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नागरिक हेमसिंह नेगी ने कहा ग्राम भाठीगढ़ मे लायंस क्रिकेट क्लब द्वारा 07 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस आयोजन मे सैकड़ो प्रतिभागियो ने भाग लिया खेल के प्रति क्षेत्र के युवाओ मे एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है, श्री नेगी ने कहा खेल से अनुशासन और आपसी भाईचारा की भावना बढ़ती है।

- लायंस क्रिकेट क्लब द्वारा 7 दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता हुई

### खेल हमारे जीवन का अनिवार्य अंग

जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी ने कहा खेल मुनष्य के जीवन मे बहुत आवश्यक है खेल हमारे जीवन का अनिवार्य अंग है अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल बेहद जरूरी है। सरपंच जिलेन्द्र नेगी ने कहा हमे जीत के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए उन्होने कहा खेल में हार और जीत लगी रहती है लेकिन जीत के लिए और अधिक मेहनत करने की जरूरत होती है। आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष खेदू नेगी ने कहा भाठीगढ़ मे पिछले 07 दिनों से क्रिकेट प्रतियोगिता के चलते गांव का पूरा माहौल खेलमय रहा और इस तरह के आयोजन मे ग्राम वासियों द्वारा के द्वारा हमेशा सहयोग करने की बात कही। इस मौके पर प्रमुख रूप से टीकम देवंशी, समुंद, देवचरण, टिकेश्वर, युगल किशोर, टिंकु, दीपक, योगेन्द्र यादव, उपेन्द्र, जितेन्द्र यादव, गुलशन देवदास, चिमन यादव, गुलशन साहू, दीकप यादव, महेन्द्र नागेश, कमलेश कश्यप, बालचंद नेगी, लिलेश्वर चक्रधारी, धेनु राम निर्मलकर, अमृत ध्रुव, दुर्गा देवंसी, मैना बाई, रस्मी टंडिया, संतोष नेगी ,मानश धुर्वा, बिरेंद साहू, दुष्यंत चक्रधारी, देवसिंग चक्रधारी खेलना धुर्वा, संतोष नेगी सहित बडी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## विधायक से पतोरी के ग्रामीणों ने मुलाकात की

**छुईहा बेलर।** ग्राम पतोरी के निवासियों ने नवनिर्वाचित विधायक राजिम रोहित साहू का रविवार को मुलाकात कर फूल माला से स्वागत किया। पतोरी के भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि राजिम क्षेत्र में उनके नेतृत्व में विकास की धारा बहेगी। इस दौरान संयोजक भाजपा महेश साहू, पुरूषोत्तम साहू, प्रेम लाल, संतोष साहू, रोहित साहू, युवराज साहू, पुरानिक साहू, राघेलाल, सालिक सिन्हा, गोपाल साहू, राजेन्द्र यादव, मनोज उपस्थित थे।



## शिविर में युवाओं का हो रहा है बौद्धिक विकास





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर टेंगनाबासा का द्वितीय दिवस पर सुबह योग एवं प्राणायाम से शुरुवात हुआ। तत्पश्चात प्रभात फेरी में स्वयंसेवकों द्वारा गांव में नशा मुक्ति, शिक्षा जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता जागरूकता संबंधी विभिन्न विषयों पर नारा, गीत के माध्यम से सन्देश देते हुए भ्रमण किया गया। साथ में परियोजना कार्य में स्वयंसेवकों द्वारा गांव के अलग - अलग वार्डों में जाकर सफ़ाई किया गया। दोपहर के प्रथम बौद्धिक सत्र में अतिथि के रुप में उद्यानिकी रोपणी खरखरा से उद्यान अधीक्षक सुनील साहू ने बाड़ी विकास कार्य को आगे बढ़ाने के लिए नयी- नयी तकनीकों की जानकारी दी।

साथ में जैविक खेती करने के तरीकों को अपनाने के लाभ को बताया। द्वितीय सत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी सी एल साहू ने गर्भवती महिलाओं और शिशु सुरक्षा, कुपोषण, एनीमिया जैसे विषयों पर चर्चा की तथा दूर करने के उपायों को बताया। तत्पश्चात संध्याकालीन देशी खेल-कूद कराया गया। जिसमें गांव के छोटे बच्चों ने भी भाग लिया।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

शोक-संदेश
जीवन एक संयोग मात्र है,
सुख और दुःख कर्मवार आते हैं।
ईश्वर आपको हिम्मत और
दिवंगत आत्मा को भगवान शांति दें।



स्व.लखन लाल साहू
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पति श्री लखन लाल साहू का स्वर्गवास दिनांक 13/12/2023, दिन बुधवार को हो गया है।
विधि के विधान के आगे हम सब नतमस्तक हैं।
कार्यक्रम सम्पूर्ण कार्यक्रम दिनांक 19-12-2023, मंगलवार, स्थल- मानिकचौरी (अभनपुर)
जिनकी श्रद्धांजली कार्यक्रम में आप सपरिवार उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।
- विनीत
श्रीमती लक्ष्मी साहू (पत्नी)
नूतेन्द्र साहू (पुत्र), डिकेश्वर साहू (पुत्र)
मो. 9926204026
शोकाकुल परिवार-
माखन लाल, पुरूषोत्तम, मोहन, हेमंत, मनोज, किशोर, डीग्गू,
शैलेन्द्र, किशन, पूर्णेन्द्र, सौरभ, कृष, रानू, राजा एवं समस्त साहू परिवार।

# खेल तन और मन को स्वस्थ कर सहनशीलता व सहयोग की लाती है भावना : नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मिनी स्टेडियम छुरा में किया गया। इस प्रतियोगिता के शुभारंभ के मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र नायक एसडीओपी गरियाबंद, विशेष अतिथि खोमन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा, तोकेश्वरी माझी अध्यक्ष जनपद पंचायत, रिंकू सचदेव उपाध्यक्ष नगर पंचायत, नथमल शर्मा वरिष्ठ नागरिक, भूपेंद्र साहू एसडीएम छुरा, भोले शंकर जायसवाल सभापति, देव सिंह रात्रे, रेवेंद्र दीक्षित, समाजसेवी शीतल ध्रुव मंचासिन हुए। सर्वप्रथम सभी अतिथियों द्वारा मां भारती के तेल चित्र पर पूजा अर्चना के साथ हुआ। जिसके पश्चात अतिथियों का स्वागत थाना प्रभारी, प्रवीण भारती प्रशिक्षु डीएसपी, दिलीप मेश्राम एस आई, अरविंद जाटवार, शशि कौशिक, कामिनी साहू, अमित जांगड़े, गिरधारी ध्रुव अखिलेश वैष्णव के द्वारा बैच पुष्पाहार पुष्पगुच्छ से किया गया। पश्चात सभी अतिथियों के द्वारा मैदान पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया एवं राष्ट्रगान पश्चात टास कराकर मैच शुभारंभ किया गया। पुष्पेंद्र नायक ने कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है जो तन व मन को स्वस्थ रखकर सहनशील व सहयोगी बनाता है व खेल भावना से भाईचारा आता है। वरिष्ठ नागरिक नथमल शर्मा ने कहा कि समाज के बिना पुलिस और पुलिस के बिना समाज अधूरा है। खिलाड़ीगण प्रेम और भाईचारा दिखाकर इस प्रतियोगिता को सफल बनाएं। कार्यक्रम को खोमन चंद्राकर , तोकेश्वरी माझी ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत होने वाले खेल प्रतियोगिता के उद्देश्य के विषय एसआई दिलीप मेश्राम ने जानकारी दी।

**सामुदायिक पुलिसिंग अंतर्गत दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ**



### उद्घाटन मैच में आत्मानंद विद्यालय ने 2-0 से जीता

थाना प्रभारी प्रवीण भारती ने बताया कि दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में छुरा ब्लॉक की 16 टीमें जिसमें टीचर इलेवन आत्मानंद विद्यालय , रानीपरतेवा, अकलवारा, सारागांव, कनसिंघि, पेंड्रा, छात्रवास छुरा, खडमा,रसेला, छुरा ए, छुरा बी एवं पुलिस विभाग की टीम शामिल हो रही है। जिनके बीच नॉकआउट पद्धति से प्रतियोगिता हुआ। विजेता टीम को विभाग द्वारा 10 हजार नगद व विनर का प्रमाण पत्र मेडल एवं वॉलीबॉल नेट प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार उपविजेता टीम को 7 हजार रुपये नगद व रनर अप कप प्रमाण पत्र, मेडल एवं वॉलीबॉल दिया जाएगा। उद्घाटन मैच आत्मानंद विद्यालय ने 2-0 जीता। कार्यक्रम संचालन हीरालाल साहू ने किया रेफरी एवं स्कोरर के रूप में राजू साहू, संजीव निषाद, गिरवर निषाद, डोमेश्वर ध्रुव, चंद्रभूषण, शिव ठाकुर, विमल पुरोहित, लॉरेंस महिलागें, किरण खालको ने सहयोग किया। खेल के दौरान एडीशनल एसपी डीसी पटेल, डीएसपी गोपाल वैश्य खिलाड़ियों को प्रेरित करने व मैच का आनंद लेने पहुंचे। प्रतियोगिता में प्रमुख रुप से मक्खू दीक्षित, जब्बार खान, रामाधार यादव सहित नगर वासी, खेलप्रेमी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश में 18 लाख आवास बनाने की स्वीकृति ऐतिहासिक : दुलार



**मैनपुर।** भाजपा मंडल मैनपुर के अध्यक्ष दुलार सिन्हा ने प्रदेश में भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में मोदी की पहली गारंटी गरीबों के 18 लाख आवास स्वीकृति को ऐतिहासिक बताया, उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा यह छत्तीसगढ़ की गरीब जनता का सम्मान है। इस फैसले से अब कोई गरीब आवासहीन नहीं रहेगा, इस साहसिक फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,उपमुख्यमंत्रीद्वय अरूण साव, विजय शर्मा एवं प्रदेश व जिला भाजपा के सभी नेताओं को धन्यवाद दिया, श्री सिन्हा ने कहा कि पहले पांच सालों में कांग्रेस की सरकार ने आवास योजना को रोककर गरीबों का शोषण किया है, मोदी की गारंटी का परिणाम है कि प्रदेश की जनता ने अभूतपूर्व समर्थन देकर भाजपा की सरकार बनाई और गरीबों के आशियाने बनने जा रहे हैं, अब आने वाले पांच सालों में खुशहाली व समृद्धि आएगी।

### घटना में बुजुर्ग की मौत चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** तुमगांव से जोबा मार्ग में एक कांप्लेक्स के पास बाइक चालक की ठोकर से 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। तुमगांव पुलिस ने बताया कि बाइक क्रमांक सीजी 06 जीवाय 4514 के चालक ने मड़हरिया साहू पिता तिहारू साहू निवासी भोरिंग को टक्कर मार दिया। बुजुर्ग को तुमगांव अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज किया है।

### टक्कर की टक्कर से दो घायल

**महासमुंद।** ग्राम बरोली तिराहा के पास एक ट्रक चालक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसमें बैठे दो लोग घायल हो गए। बसना थाना में प्रार्थी जन्मजय निषाद पिता सरोज निषाद (28) ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 7073 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक क्रमांक सीजी 06 जीवाय 1416 को टक्कर मार दी। इस टक्कर से उसके जीजा व एक अन्य व्यक्ति को चोटें आई है। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### मारपीट का मामला दर्ज



**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बरतुंगा में मारपीट का मामला सामने आया है। प्रार्थी रामलाल रात्रे पिता कांशीराम (42) ने पुलिस को बताया कि आरोपी संतराम पटेल ने उसके साथ हाथ मुक्का और डंडे से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## आयोजन: नवा रायपुर सेक्टर 27 में हुई नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा

# श्रीराम कथा का समापन, भंडारे में हजारों लोगों ने पाया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अटल नगर नवा रायपुर सेक्टर 27 में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन भव्य भंडारे के साथ संपन्न हुआ। यह कथा कल्याणनाथ जन सेवा समिति के माध्यम से एवं समस्त रहवासियों के सहयोग से सेक्टर 27 के श्री हनुमान मंदिर प्रांगण आयोजित की गई थी।

कथा वाचक आचार्य राजाबाबू त्रिपाठी चित्रकूट द्वारा नौ दिवसीय कथा प्रतिदिन अपरान्ह 4 से रात 8 बजे तक होती थी। श्री रामचरित मानस महामात्य, राम जन्म ,राम सीता विवाह, वन गमन और सीता हरण के साथ रावण वध की कथा 8 दिनों में संपन्न हुई। कथा के मुख्य यजमान केसी एच पुल्लय्या , श्रीमती लक्ष्मी पुल्लय्या थे। कथा के अंतिम दिन भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ। तरह- तरह की झांकियों के साथ भगवान राम के राज्याभिषेक की कथा संपन्न हुई। इसमें मुख्य अतिथि आरंग एवं अभनपुर विधानसभा के विधायक खुशवंत साहेब, इंद्रकुमार साहू, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व संगठन मंत्री रामप्रताप सिंह, सह कार्यालय मंत्री त्रयम्बक राव सोनटके एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ रायपुर ग्रामीण के मुख्य संघ चालक देवेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित थे। कथा के बाद हवन कार्यक्रम में सभी रहवासियों ने हिस्सा लिया एवं भव्य भंडारे में आसपास के लगभग 4500 लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

■ झांकियों के साथ भगवान राम का हुआ राज्याभिषेक







### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष डाक्टर वारा प्रसाद कोला, सचिव पवन तिवारी के अलावा आलोक जायसवाल, उज्जवल कुमार, अमित कुमार, टिकेश्वर साहू, मनीष साहू , सूरज सेन, जय मोहन प्रधान, शिवम सिंह , मधु तिवारी, डाक्टर एंड्रिया कोला ,राहुल कुमार, संस्कारी सिंह, चुन्नीलाल चंद्राकर, विक्रम कुमार, अनुज दीक्षित, नागनाथ लोहार व संतोष सिंह उपस्थित थे।





### कथा के दौरान लगाया स्वास्थ्य शिविर

कल्याणनाथ जन सेवा समिति के अध्यक्ष डाक्टर वारा प्रसाद कोला ने बताया की यह समिति पिछले कई वर्षों से नवा रायपुर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में इसी तरह के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। जिससे सभी वर्ग के लोगों को एक होकर रहने का सन्देश दिया जा सके। सचिव पवन तिवारी ने बताया की कथा के दौरान समाज के सभी वर्ग के लोगों के लिए मुफ्त डायबिटिक, रक्तचाप , दन्त चिकित्सा एवं अन्य तरह के चिकित्सा परामर्श समिति द्वारा उपलब्ध डाक्टरों द्वारा दिया गया और मुफ्त में दवाएं दी गई।

# यूनिसेफ व अष्टांग योग पर हुई बौद्धिक परिचर्चा



छुरा। शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा के एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम टेंगनाबासा में चल रही सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस के बौधिक सत्र में जिला यूनिसेफ अधिकारी सुश्री चित्रा साहू द्वारा व्यक्तित्व विकास, सुरक्षितपारा, सुरक्षित लईकामन थीम पर चर्चा किये और ग्राम संपर्क अभियान को सफल बनाने के योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। साथ ही बच्चों को खेल के माध्यम से प्रश्न उत्तर सेशन किये साथ ही यूनिसेफ जिला समन्वयक गरियाबंद तुलेश्वर साहू ने बाल विवाह, बाल श्रम, पॉक्सो एक्ट के बारे में जागरूक किया। द्वितीय सत्र में सखी वन स्टॉप सेंटर अधिकारी रचना सिन्हा द्वारा महिला हेल्पलाईन, गुड टच बैड टच, साईबर क्राइम , घरेलू हिंसा से संबंधित जानकारी दिया गया और विभिन्न हेल्प लाइन नंबर के बारे में जागरूक किया। बिहान स्व सहायता समूह के दीदी हुलसी ध्रुव एवं श्रीमति एस कुमारी के द्वारा लिंग भेद को कम करने के बारे में चर्चा किया गया। इस कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनित कुमार साहू के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ साथ गांव के बच्चों ने भी भाग लिया।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के ग्राम मरोदा में 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह सत्संग समारोह का शुभारंभ 18 दिसंबर को हुआ। प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें समस्त ग्रामवासी शामिल हुए। ग्राम मरोदा में आयोजित 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह सत्संग समारोह 18 से 26 दिसंबर तक चलेगी। प्रतिदिन प्रवचन का समय सुबह 10 बजे से डेढ़ बजे तक और अपरान्ह 3 बजे से 6 बजे तक होगी। कथावाचिका भगवताचार्य नंदिनी किशोरी परतेवा राजिम हैं।

# आदिवासी मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने बढ़ाया आदिवासियों का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री बनाकर जो कीर्तिमान स्थापित किया है उसके लिए भाजपा जिला उपाध्यक्ष पारस ठाकुर ने कहा की छत्तीसगढ़ में सरल सहज व शालीनता के प्रतीक माने जाने वाले आदिवासी जन नायक विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री बनाने पर प्रसन्नता वह खुशी जताते हुए केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की भाजपा ने एक सच्चे जनसेवक जमीन से जुड़े हुए निष्ठावान आदिवासी व छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र को मुख्यमंत्री बनाया है। जिससे आदिवासी समाज ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ वासी गौरवान्वित है जिससे पूरे प्रदेश में खुशी एवं हर्ष व्याप्त है भारतीय जनता पार्टी ने देश के सर्वोच्च पद पर भी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया और अब छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री बना कर



आदिवासियों का सम्मान बढ़ाया है भाजपा का लक्ष्य हमेशा सर्वोपरि है। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के उद्देश्य को लेकर ही काम करती है और भारतीय जनता पार्टी आदिवासियों के हित के लिए सदैव तत्पर रहती है।

# मनमुटाव को दूर रखकर एक दूसरे का करें सहयोग

**नवापारा-राजिम।** राजिम रेस्ट हाऊस में श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला गरियाबंद इकाई की पहली बैठक संघ के नए अध्यक्ष श्याम किशोर शर्मा, और महासचिव रमेश चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक की शुरूआत में उपस्थित पत्रकारों ने अपने विचार रखे और कहा कि सभी पत्रकारों को एकजुट रहकर संघ की मजबूती के लिए काम करना है। कहा कि आपस के मनमुटाव को दूर रखकर एक दूसरे का सहयोग करें। बैठक को संबोधित करते हुए श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष श्यामकिशोर शर्मा ने कहा कि संगठन में ताकत होती है। सबको एकजुट रहकर काम करना है। यदि किसी को कोई समस्या आती है तो सबसे पहले अपने ब्लॉक संगठन के बीच उसे रखे फिर ब्लॉक संगठन के माध्यम से जिला संगठन को पहुंचाएं। संघ के महासचिव रमेश चौधरी ने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला में पहले भी था और इस बार तो आप सब लोगों की उपस्थिति ने बता दिया कि संगठन को मजबूत करने हम सब हर संभव प्रयास करेंगे। पूरे जिले के पत्रकार एकजुटता का परिचय देंगे। यह बहुत अच्छी बात है। फिंगेश्वर के वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र शर्मा ने पत्रकारों के अधिमान्यता पर जानकारी चाही और कहा कि समाज और देश को खबर देने पत्रकार कड़ी मेहनत करते हैं यहां तक कि उन्हें जोखिम भी लेना पड़ता है। वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र तिवारी,कृष्ण कुमार सैनी, कामेश्वर गोस्वामी, नीरज शर्मा, अजीज खान, लीलाराम साहू, तुकाराम कंसारी, संतोष सोनकर ने अपनी बात रखी और संगठन की एकता पर बल दिया तथा यह भी कहा कि इकाई का विस्तार शीघ्र किया जाएगा। सभी पत्रकार जुड़े रहे। बैठक के दौरान जिले के वरिष्ठ पत्रकार रमेश पहाड़िया का सम्मान स्मृति चिन्ह, श्रीफल और शाल ओढ़ाकर किया गया। कार्यक्रम में मौजूद जिले के वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार सैनी को पदयात्रा के लिए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा छुरा के वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र तिवारी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

■ श्रमजीवी पत्रकार संघ की पहली बैठक राजिम रेस्ट हाऊस में हुई




### इनकी रही उपस्थिति

जिसमें बड़ी संख्या में जिले के वरिष्ठतम पत्रकारो सहित युवा पत्रकार भी मौजूद थे। इस बैठक में शामिल होने वालो में जिले के वरिष्ठतम पत्रकार रमेश जैन, नरेंद्र तिवारी,विनोद जैन, कामेश्वर गोस्वामी,कृष्ण कुमार सैनी,जितेंद्र शर्मा,नीरज शर्मा, प्रकाश वर्मा,आलोक पहाड़िया,लीलाराम साहू,रमेश टंडन,नागेश तिवारी,अशोक दीक्षित,हेमंत तिवारी,प्रवीण साहू,अशोक शर्मा,युवा पत्रकार कृष्णा मेश्राम, भागीरथी सिन्हा, उरेंद्र साहू, कुलेश्वर सिन्हा,युवराज साहू,थानेश्वर बंजारे,अजीज खान, संतोष सोनकर,किरण साहू,परमेश्वर यदु, योगेंद्र सिंह ठाकुर,नेमीचंद बंजारे,तुकाराम कंसारी, श्रीकांत साहू,तेजराम ध्रुव, प्रकाश यादव, धर्मेंद्र यादव सहित अनेको पत्रकार शामिल थे।

## प्रधान पाठक चंद्रभानू वर्मा को दी गई भावभीनी विदाई

# शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते बल्कि, समाज की सेवा में लगे होते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुड़ियाडीह में पदस्थ प्रधान पाठक चंद्रभानू वर्मा को सेवानिवृत्ति पश्चात माध्यमिक एवं आश्रित प्राथमिक शाला खुड़ियाडीड, डोंगरीपारा, तरियापारा तथा ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वाधान में विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि चंद्रभानु वर्मा एवं भुनेश्वरी वर्मा का शहनाई बाजे से कर ग्राम भ्रमण कराया गया। तत्पश्चात पुष्प वर्षा एवं सरस्वती पूजन एवं वंदना कर मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अपने उद्बोधन में चंद्रभानु वर्मा ने कहा की बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब शिक्षक, बालक और पालक मिलकर प्रयत्न करें उन्होंने सभी बच्चों को पढ़ाई, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर अपने गांव का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत छुरा अध्यक्षा तोकेश्वरी मांझी ने कहा कि वर्मा जी सरल एवं मृदुभाषी स्वभाव की धनी हैं बच्चों को दिया गया ज्ञान समाज में प्रेरक होंगे। उन्होंने अधूरे अहाते को पूर्ण करने की घोषणा की। विशेष अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएल मातावले ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते बल्कि वह जीवन पर्यंत समाज की सेवा में लगे होते हैं! इसी प्रकार विशेष अतिथि बी आर सी सी महेश साहू ने विदाई शब्द का व्याख्या करते हुए वर्मा जी के सादगी पूर्ण जीवन का वर्णन किया।

**इनकी रही उपस्थिति :** इस दौरान लुनेश्वरी दीवान, युनूस खान, शरीफ मोहम्मद कुरैशी, सरफुद्दीन साहिल, लीप कुमार नागेश, योगेश सिंहा, जोहत पटेल, दीपक जांगड़े रसोईया एवं ग्राम के युवागण, सरपंच, पंच,सेवानिवृत शिक्षक केआर सिंहा, बंशीलाल तारक, मुरारी देवांगन, वासुदेव ,विश्राम, रवि कुमार पटेल, चंद्रहास सेन, मनीराम, रवि नागेश महेश ध्रुव ( आरक्षक ) नरेश सोहन, बोड़ो राम तथा समस्त ग्रामवासी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



